**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3875**

**उत्तर देने की तारीख : 23.03.2023**

**ओडिशा और तमिलनाडु में कार्यशील एमएसएमई**

**3875. श्रीमती मंजुलता मंडल:**
**श्री सी. एस. अन्नादुरई:**
**श्री धनुष एम. कुमार:**
**श्री जी. सेल्वम:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने में विफल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) वर्तमान में ओडिशा और तमिलनाडु में जिले-वार कितने एमएसएमई कार्यशील हालत में हैं;

(ग) देश में विशेष रूप से ओडिशा और तमिलनाडु में एमएसएमई द्वारा सृजित रोजगार अवसरों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार ने बंद एमएसएमई का कोई सर्वेक्षण कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार का एमएसएमई के बंद होने से प्रभावित व्यक्तियों को रोजगार, सब्सिडी और वित्तीय मुआवजा प्रदान करने का प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) एमएसएमई समाधान प्लेटफार्म पर दायर किए गए आवेदनों की संख्या, स्थापना से लेकर आज तक, अधिकारियों द्वारा देखे गए और विचाराधीन लंबित आवेदनों की संख्या कितनी है; और

(छ) क्या एमएसएमई समाधान पोर्टल पर वर्तमान में बहुत से आवेदन लंबित हैं यदि हां, तो इतनी बड़ी संख्या में लंबित आवेदनों के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)**

(क) और (ङ) : केंद्र सरकार देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समग्र विकास और संवर्धन के लिए विभिन्न स्कीमों, कार्यक्रमों तथा नीतिगत पहलों के जरिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के प्रयासों को अनुपूरित करती है। देश में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान सहित सरकार द्वारा हाल ही में कई कदम उठाए गए हैं। इनमें शामिल हैं:

1. वर्ष 2020 में एमएसएमई सहित व्यवसायों के लिए 5 लाख करोड़ रुपए की आकस्मिक क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) की शुरुआत। ईसीएलजीएस के अंतर्गत वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार दिनांक 28.02.2023 तक एमएसएमई सहित व्यवसायों को 3.62 लाख करोड़ रुपए की कुल 1.19 करोड़ गारंटियां प्रदान की गई हैं।
2. आत्मनिर्भर भारत कोष (एसआरआई) के जरिए 50,000 करोड़ रुपए का इक्विटी समावेशन दिनांक 28.02.2023 तक एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड के साथ 36 अनुषंगी निधियों (डॉटर फंड) को पैनल में शामिल किया गया है तथा 2,790 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का निवेश करके 142 संभावित एमएसएमई की सहायता प्रदान की गई है।
3. एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए नया संशोधित मानदंड।
4. 200 करोड़ रुपए तक की खरीद के लिए कोई वैश्विक निविदा नहीं होगी।

5. एमएसएमई हेतु व्यवसाय करने की सुगमता के लिए दिनांक 01.07.2020 से ''उद्यम पंजीकरण'' की शुरुआत की गई। उद्यम पर 1.50 करोड़ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पंजीकृत और वर्गीकृत किया गया है और वे 10.69 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं।
6. एमएसएमई की शिकायतों का समाधान और उन्हें सहायता प्रदान करने सहित ई-शासन के कई पहलुओं को शामिल करने के लिए जून, 2020 में ''चैंपियंस'' नामक ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई।
7. खुदरा और थोक व्यापारों का दिनांक 02.07.2021 से एमएसएमई के रूप में समावेशन।
8. एमएसएमई के स्तर में उन्नयन के मामले में दिनांक 18.10.2022 से 3 वर्ष के लिए गैर-कर लाभों का विस्तार।
9. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को प्रदान किए जाने वाले ऋण के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को औपचारिक दायरे में लाने हेतु दिनांक 11.01.2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म की शुरुआत की गई। तब से अब तक 13.33 लाख आईएमई ने पंजीकरण कराया है।

(ख) : उद्यम पर उपलब्ध सूचना के अनुसार दिनांक 01.07.2020 से 20.03.2023 तक ओडिशा तथा तमिलनाडु में इस समय कार्यशील एमएसएमई की जिला-वार संख्या अनुबंध- I और II में दी गई है।

(ग) : उद्यम पोर्टल के अनुसार दिनांक 01.07.2020 से 20.03.2023 तक

I. ओडिशा में कुल 3.20 लाख एमएसएमई को पंजीकृत और वर्गीकृत किया गया है और वे 27.69 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं और;
II. तमिलनाडु में कुल 15.57 लाख एमएसएमई को पंजीकृत और वर्गीकृत किया गया है और वे 1.19 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं।

(घ) : सितम्बर, 2021 से जनवरी, 2022 के दौरान 20 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों में फैले 1,029 एमएसएमई के सैम्पल आकार के लिए सिडबी द्वारा कराए गए अध्ययन के अनुसार सर्वेक्षित एमएसएमई के लगभग 65 प्रतिशत ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत ईसीएलजीएस के तहत लाभ प्राप्त किया है तथा लगभग 36 प्रतिशत उत्तरदाताओं (एमएसएमई) ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) स्कीम के अंतर्गत ऋण भी प्राप्त किया था। अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया था कि 67 प्रतिशत उत्तरदाता एमएसएमई को कोविड-19 महामारी के कारण तीन माह की अवधि के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। भारतीय स्टेट बैंक की ईसीएलजीएस पर दिनांक 06.01.2022 की अनुसंधान रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि लगभग 13.5 लाख एमएसएमई खातों को ईसीएलजीएस स्कीम (पुनर्संरचना सहित) के कारण बचा लिया गया था जिनमें से लगभग 93.7 प्रतिशत खातें सूक्ष्म और लघु श्रेणी के थे।

(च) और (छ) : एमएसएमई समाधान की दिनांक 30.10.2017 को हुई शुरुआत से लेकर 20.03.2023 तक उस पर दायर आवेदनों की वर्ष-वार संख्या तथा 21.03.2023 तक लंबित और पारस्परिक रूप से निपटाए गए आवेदनों की संख्या अनुबंध-III में दी गई है।

****

**अनुबंध-I**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3875, जिसका उत्तर दिनांक 23.03.2023 को दिया जाना है, के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

उद्यम के अनुसार दिनांक 01.07.2020 से 20.03.2023 तक ओडिशा राज्य में पंजीकृत और वर्गीकृत एमएसएमई तथा उनके द्वारा प्रदान किए गए रोजगार की जिला-वार संख्या

| क्र.सं. | जिला | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल | रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंगुल | 10,054 | 362 | 22 | 10,438 | 1,09,483 |
| 2 | बलांगीर | 8,609 | 264 | 10 | 8,883 | 62,580 |
| 3 | बालेश्वर | 15,777 | 429 | 22 | 16,228 | 1,46,210 |
| 4 | बारगढ़ | 8,794 | 264 | 16 | 9,074 | 55,468 |
| 5 | भद्रक | 9,612 | 192 | 6 | 9,810 | 1,12,106 |
| 6 | बौध | 2,482 | 43 | 1 | 2,526 | 41,041 |
| 7 | कटक | 29,570 | 935 | 80 | 30,585 | 2,20,549 |
| 8 | देवगढ़ | 1,768 | 24 | - | 1,792 | 15,994 |
| 9 | ढेंकनाल | 8,006 | 166 | 3 | 8,175 | 67,742 |
| 10 | गजपति | 2,372 | 38 | 2 | 2,412 | 12,425 |
| 11 | गंजम | 26,712 | 621 | 15 | 27,348 | 1,83,805 |
| 12 | जगतसिंहपुर | 10,146 | 202 | 5 | 10,353 | 75,419 |
| 13 | जाजपुर | 13,844 | 384 | 23 | 14,251 | 1,19,142 |
| 14 | झारसुगुडा | 5,971 | 254 | 11 | 6,236 | 50,119 |
| 15 | कालाहांडी | 7,020 | 216 | 6 | 7,242 | 65,601 |
| 16 | कंधमाल | 3,707 | 32 | 2 | 3,741 | 34,121 |
| 17 | केंद्रपाड़ा | 8,691 | 125 | 3 | 8,819 | 83,302 |
| 18 | केंदुझार | 13,343 | 376 | 46 | 13,765 | 1,12,311 |
| 19 | खोर्धा | 41,026 | 1,614 | 167 | 42,807 | 4,36,398 |
| 20 | कोरापुट | 6,531 | 185 | 5 | 6,721 | 96,605 |
| 21 | मल्कानगिरी | 2,645 | 55 | - | 2,700 | 15,104 |
| 22 | मयूरभंज | 10,359 | 247 | 4 | 10,610 | 68,594 |
| 23 | नबरंगपुर | 3,325 | 113 | 6 | 3,444 | 23,832 |
| 24 | नयागढ़ | 6,905 | 96 | 3 | 7,004 | 36,409 |
| 25 | नुआपाड़ा | 2,947 | 60 | 1 | 3,008 | 46,365 |
| 26 | पुरी | 16,356 | 180 | 4 | 16,540 | 1,43,509 |
| 27 | रायगढ़ | 5,010 | 124 | 4 | 5,138 | 64,907 |
| 28 | संबलपुर | 8,975 | 353 | 19 | 9,347 | 62,812 |
| 29 | सोनपुर | 3,591 | 66 | 1 | 3,658 | 36,410 |
| 30 | सुंदरगढ़ | 16,573 | 779 | 107 | 17,459 | 1,70,595 |
| | कुल:- | **3,10,721** | **8,799** | **594** | **3,20,114** | **27,68,958** |

रिपोर्ट की तारीख:- 20/03/2023 अपराह्न 02:35

**अनुबंध-II**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3875, जिसका उत्तर दिनांक 23.03.2023 को दिया जाना है, के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

उद्यम के अनुसार दिनांक 01.07.2020 से 20.03.2023 तक तमिलनाडु राज्य में पंजीकृत और वर्गीकृत एमएसएमई तथा उनके द्वारा प्रदान किए गए रोजगार की जिला-वार संख्या

| क्र.सं. | जिला | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल | रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरियालुर | 12,056 | 129 | 6 | 12,191 | 52,486 |
| 2 | चेंगलपट्टू | 29,877 | 310 | 10 | 30,197 | 1,96,830 |
| 3 | चेन्नै | 1,85,386 | 8,336 | 971 | 1,94,693 | 18,00,149 |
| 4 | कोयंबतूर | 1,26,074 | 4,709 | 479 | 1,31,262 | 9,73,835 |
| 5 | कुड्डालोर | 39,555 | 550 | 30 | 40,135 | 4,19,693 |
| 6 | धर्मपुरी | 27,350 | 317 | 9 | 27,676 | 2,12,761 |
| 7 | डिंडीगुल | 42,899 | 754 | 60 | 43,713 | 2,74,344 |
| 8 | इरोड | 56,151 | 1,777 | 127 | 58,055 | 4,51,354 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 9,339 | 131 | 4 | 9,474 | 71,324 |
| 10 | कांचीपुरम | 54,475 | 1,720 | 217 | 56,412 | 6,30,434 |
| 11 | कन्याकुमारी | 40,194 | 665 | 31 | 40,890 | 2,28,200 |
| 12 | करूर | 18,234 | 567 | 30 | 18,831 | 1,74,240 |
| 13 | कृष्णागिरी | 36,687 | 1,057 | 62 | 37,806 | 3,34,233 |
| 14 | मदुरै | 72,125 | 1,545 | 95 | 73,765 | 4,76,757 |
| 15 | माइलादुत्रयी | 8,680 | 76 | - | 8,756 | 40,164 |
| 16 | नागपट्टिनम | 15,469 | 157 | 3 | 15,629 | 87,863 |
| 17 | नामक्कल | 40,740 | 1,397 | 129 | 42,266 | 3,20,978 |
| 18 | पेरम्बलुर | 8,099 | 145 | 7 | 8,251 | 73,251 |
| 19 | पुदुक्कोट्टई | 26,435 | 384 | 20 | 26,839 | 1,79,687 |
| 20 | रामनाथपुरम | 18,423 | 216 | 9 | 18,648 | 87,631 |
| 21 | रानीपेट | 14,029 | 130 | 1 | 14,160 | 84,663 |
| 22 | सलेम | 86,859 | 1,961 | 126 | 88,946 | 5,60,125 |
| 23 | शिवगंगा | 21,641 | 251 | 15 | 21,907 | 1,21,455 |
| 24 | तेनकाशी | 14,799 | 196 | 2 | 14,997 | 77,652 |
| 25 | तंजावुर | 39,880 | 615 | 32 | 40,527 | 2,57,328 |
| 26 | नीलगिरी | 9,919 | 197 | 11 | 10,127 | 73,040 |
| 27 | तेनि | 24,503 | 444 | 29 | 24,976 | 1,44,502 |
| 28 | तिरुवल्लुर | 62,572 | 1,696 | 144 | 64,412 | 5,22,833 |
| 29 | तिरुवरुर | 18,599 | 194 | 12 | 18,805 | 1,58,496 |
| 30 | तिरुचिरापल्ली | 50,428 | 976 | 49 | 51,453 | 3,43,710 |
| 31 | तिरुनेलवेली | 36,826 | 736 | 32 | 37,594 | 2,10,233 |
| 32 | तिरुपथुर | 9,756 | 83 | 2 | 9,841 | 88,209 |
| 33 | तिरुप्पूर | 80,437 | 4,031 | 319 | 84,787 | 9,23,871 |
| 34 | तिरुवन्नामलाई | 29,089 | 454 | 14 | 29,557 | 2,04,239 |
| 35 | तूतीकोरिन | 31,525 | 744 | 54 | 32,323 | 1,82,548 |
| 36 | वेल्लोर | 39,369 | 775 | 41 | 40,185 | 2,91,715 |
| 37 | विल्लुपुरम | 34,641 | 537 | 27 | 35,205 | 2,65,962 |
| 38 | विरुदुनगर | 40,435 | 1,078 | 91 | 41,604 | 3,12,187 |
| | **कुल:-** | **15,13,555** | **40,040** | **3,300** | **15,56,895** | **1,19,08,982** |

रिपोर्ट की तारीख:- 20/03/2023 अपराहन 02:35

**अनुबंध-III**

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3875, जिसका उत्तर दिनांक 23.03.2023 को दिया जाना है, के भाग (च) और (छ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

एमएसएमई समाधान पोर्टल की शुरुआत अर्थात दिनांक 30.10.2017 से 20.03.2023 तक दायर आवेदनों की वर्ष-वार संख्या तथा दिनांक 21.03.2023 तक लंबित और पारस्परिक रूप से निपटाए गए आवेदनों की कुल संख्या

| **वर्ष** | | **दायर आवेदनों की संख्या** | **अधिकारियों द्वारा देखे गए आवेदन** | | | | **लंबित आवेदन** | **पारस्परिक रूप से निपटाए गए आवेदन** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तक | | निपटाए गए आवेदन | मामलों के रूप में परिणत आवेदन | अस्वीकृत आवेदन | कुल | | |
| 30.10.2017 | 31.03.2018 | 4,489 | 1,776 | 659 | 1,568 | 4,003 | 124 | 362 |
| 01.04.2018 | 31.03.2019 | 10,145 | 3,994 | 1,655 | 3,040 | 8,689 | 418 | 1,038 |
| 01.04.2019 | 31.03.2020 | 24,519 | 7,538 | 3,995 | 8,483 | 20,016 | 1,561 | 2,942 |
| 01.04.2020 | 31.03.2021 | 34,527 | 7,130 | 7,990 | 10,246 | 25,366 | 5,166 | 3,995 |
| 01.04.2021 | 31.03.2022 | 34,515 | 3,648 | 11,470 | 8,237 | 23,355 | 8,315 | 2,845 |
| 01.04.2022 | 20.03.2023 | 28,192 | 884 | 6,990 | 4,134 | 12,008 | 14,242 | 1,942 |
| | | **1,36,387** | | | | **93,437** | **29,826** | **13,124** |
| रिपोर्ट की तारीख:- 21/03/2023 | | | | | | | | |

****